

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वादश सत्र

## ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-25.07.2024 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्री मोती लाल प्रसाद, स०वि०स० | ''सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा चीनी मिल विगत 3 वर्षों से बंद रहने के कारण मिल के पोषक क्षेत्र के 40,000 से अधिक किसान, गन्ना उत्पादन होने के बावजूद कम भाव में बेचने के लिए विवश है । जिससे किसानों की माली हालत दयनीय हो गई है । चीनी मिल बंद रहने से वहाँ के मजदूर भी बेरोजगार हो गए हैं, जिससे आम लोग भी प्रभावित हो रहे हैं ।<br>अतः अविलम्ब बंद पड़े रीगा चीनी मिल को चालू कराने हेतु मैं सदन में सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।'' | गन्ना उद्योग |

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2. | डॉ० रामानुज प्रसाद, स०वि०स०<br>श्री छोटे लाल राय, स०वि०स०<br>श्रीमती अनिता देवी, स०वि०स०<br>श्री मनोज कुमार यादव, स०वि०स०<br>श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव, स०वि०स० | ''प्रदेश के सभी चिकित्सीय संस्थानों एवं अस्पतालों में फार्मेसी एक्ट 1948 की धारा-42 के तहत दवा की रख-रखाव एवं वितरण फार्मासिस्ट के माध्यम से किया जाता है, परन्तु 18 वर्षों से फार्मासिस्टों की नियमित नियुक्ति नहीं होने तथा पद रिक्त रहने के कारण मरीजों को सही दवा एवं परामर्श नहीं मिल पाता है, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है । जबकि सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक-647, दिनांक 05.04.2023 एवं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में फार्मासिस्ट भर्ती नियमावली में संशोधन करते हुए नियमित नियुक्ति किया जाना है ।<br>अतएव सामान्य प्रशासन विभाग के उक्त पत्रांक एवं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में प्रदेश के सभी चिकित्सीय संस्थानों एवं अस्पतालों के रिक्त पदों पर फार्मासिस्ट भर्ती नियमावली में संशोधन करते हुए डिप्लोमा इन फार्मासिस्ट योग्यताधारी की नियमित नियुक्ति करने हेतु सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।'' | स्वास्थ्य |

ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-14/2024- 1906 / वि०स०, पटना, दिनांक- 24 जुलाई, 2024 ई० ।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

24.07.2024
(उमा शंकर यादव)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-14/2024- 1906 / वि०स०, पटना, दिनांक- 24 जुलाई, 2024 ई० ।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्री के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

24.07.2024
(उमा शंकर यादव)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-14/2024- 1906 / वि०स०, पटना, दिनांक- 24 जुलाई, 2024 ई० ।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / गन्ना उद्योग विभाग / स्वास्थ्य विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

24.07.2024
(उमा शंकर यादव)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-14/2024- 1906 / वि०स०, पटना, दिनांक- 24 जुलाई, 2024 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

24.07.2024
(उमा शंकर यादव)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।